समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# गुटखा न मिलने पर तुकाराम मुंडे को दी गालियां, वीडियो वायरल होते ही पुलिस का एक्शन ; 4 घंटे मे आरोपी गिरफ्तार

Sanket Morankar

Published on 24 Jun 2026



महाराष्ट्र के कल्याण में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) के आयुक्त तुकाराम मुंडे के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने कथित तौर पर गुटखा उपलब्ध नहीं होने से नाराज़ होकर तुकाराम मुंडे के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए वीडियो बनाया था, जिसने सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होकर सनसनी फैला दी।

खड़कपाड़ा पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

ओला कैब चालक निकला आरोपी

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान **दुर्गाप्रसाद पांडे** के रूप में हुई है, जो पेशे से ओला कैब चालक है और कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी इलाके का निवासी है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी पिछले कुछ दिनों से गुटखा नहीं मिलने से नाराज़ था। इसी गुस्से में उसने खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त तुकाराम मुंडे को निशाना बनाते हुए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर वायरल कर दिया।

गुटखा बंदी से था नाराज़

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के पिता पहले पान की दुकान चलाते थे, जिसे प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान बंद कर दिया गया था। इसके बाद से परिवार पर आर्थिक असर पड़ा और गुटखा प्रतिबंध के कारण आरोपी लगातार नाराज़ चल रहा था।

इसी नाराज़गी के चलते उसने तुकाराम मुंडे के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर दिया।

वीडियो वायरल होते ही मचा हड़कंप

जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सरकारी अधिकारी के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने को गंभीरता से लेते हुए खड़कपाड़ा पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी।

वीडियो की तकनीकी जांच, सोशल मीडिया अकाउंट्स की पड़ताल और डिजिटल ट्रैकिंग के जरिए आरोपी की पहचान की गई।

सिर्फ 4 घंटे में पुलिस ने दबोचा

खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक **अमर वाघमोडे** के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक **मारुति आंधळे** तथा अधिकारी **भूषण देवरे** की टीम ने तेज़ी से कार्रवाई करते हुए मात्र चार घंटे के भीतर आरोपी दुर्गाप्रसाद पांडे को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

तुकाराम मुंडे की कार्रवाई से नाराज़ था आरोपी

पुलिस अधिकारियों के अनुसार तुकाराम मुंडे द्वारा पूरे राज्य में अवैध गुटखा कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी वजह से कई इलाकों में गुटखे की उपलब्धता कम हो गई है।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी इसी कार्रवाई से नाराज़ था और उसने अपना गुस्सा सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पर सख्ती

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सरकारी अधिकारी या व्यक्ति के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि कानून हाथ में लेने या सार्वजनिक मंचों पर अपमानजनक टिप्पणी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि वायरल वीडियो को किन-किन प्लेटफॉर्म पर साझा किया गया तथा इसमें किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं थी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.